प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

04.12.2025/प्रादेशिक समाचार/0920 बजे

''आज के मुख्य समाचार''

- प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र की आज सातवीं बैठक–प्रश्नकाल के अलावा नगर निकायों से संबंधित दो विधेयकों पर होगी चर्चा।
- प्रदेश सरकार के 3 वर्ष के कार्यकाल पर भाजपा आज धर्मशाला में करेगी विरोध प्रदर्शन–जुटेंगे भाजपा के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता
- प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन भत्ता नियमों में किया संशोधन–आय व आयु सीमा की शर्त हटाई।
- हमीरपुर में डॉक्टर राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज के नए परिसर का निर्माण कार्य युद्व स्तर पर जारी
- शिमला के ऐतिहासिक प्राकृतिक आईएस स्केटिंग रिंक में इस सीजन का पहला स्केटिंग सत्र आरंभ

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा के धर्मशाला में चल रहे शीतकालीन सत्र की आज सातवीं बैठक है। प्रश्नकाल के साथ ही सदन की कार्यवाही शुरू होगी जिसमें विधायकों द्वारा सड़क, स्वास्थ्य, आपदा और नौकरियों से संबंधित प्रश्न सरकार से पूछे जाएंगे। अधिक ब्यौरे के साथ धर्मशाला से हमारे विशेष संवाददाता। *धर्मशाला के तपोवन में चल रहे प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र का आज सातवां दिन है। प्रश्नकाल के साथ सदन की कार्यवाही शुरू होगी, जिसमें विधायकों द्वारा सरकारी विभागों में रिक्त पदों, सेवानिवृत कर्मचारियों, मुख्यमंत्री कार्यालय में तैनात सलाहकारों, मुख्यमंत्री के विदेशी प्रवास, खिलाड़ी यात्रा रियायत, कार्यालयों को शिमला से स्थानांतरित करने, वन स्वीकृतियों, वितीय धोखाधड़ी, पिछड़ी पंचायतों व सीवरेज से संबंधित प्रश्न सरकार से पूछे जाएंगे। इसके अलावा आज सदन में दो सरकारी विधेयकों पर विचार विमर्श और पारण होना है, जिनमें हिमाचल प्रदेश नगर निगम द्वितीय संशोधन विधेयक 2025 और हिमाचल प्रदेश नगर पालिका द्वितीय संशोधन विधेयक 2025 को सदन में विचार विमर्श के लिए रखा जाएगा और इसे पारित किया जाएगा। आज गैर सरकारी कार्य दिवस भी है। इस दौरान विधायक इंद्र दत लखनपाल, त्रिलोक जम्वाल, जीत राम कटवाल और डॉक्टर जनक राज अपने–अपने संकल्प सदन में उठाएंगे।* रितेश कपूर आकाशवाणी समाचार धर्मशाला।

भाजपा रैली

भारतीय जनता पार्टी प्रदेश की कांग्रेस सरकार के तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने पर आज धर्मशाला में विरोध प्रदर्शन करेगी। इस दौरान भाजपा प्रदेश सरकार के 3 साल में लिए गए फैसलों के खिलाफ जन आक्रोश रैली निकालेगी। विस्तृत ब्यौरे के साथ न्यूज रूम से हमारी सहयोगी–

*प्रदेश सरकार के 3 साल के कार्यकाल को नाकाम मानते हुए भाजपा आज रैली करने जा रही है, जिसमें भाजपा के शीर्ष नेतृत्व के साथ ही भारी तादाद में पार्टी कार्यकर्ता सरकार को विभिन्न मुद्दों पर घेरने की कोशिश करेंगे। भाजपा के प्रदेश महामंत्री संजीव कटवाल ने बताया कि प्रदर्शन का नेतृत्व पार्टी प्रभारी श्रीकांत शर्मा, सहप्रभारी संजय टंडन, पार्टी अध्यक्ष राजीव बिंदल और नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर करेंगे। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नाकामियों को भाजपा जनता के बीच ले जाएगी और ये प्रदर्शन कांग्रेस सरकार के खिलाफ जनआक्रोश का प्रतीक बनेगा। संजीव कटवाल ने बताया कि प्रदर्शन में प्रदेशभर से हजारों पार्टी कार्यकर्ता हिस्सा लेंगे। आकाशवाणी शिमला के लिए समाचार कक्ष से मैं पूनम भारद्वाज*

दिव्यांग भत्ता

राज्य सरकार ने सामाजिक सुरक्षा पेंशन भत्ता नियमों में महत्वपूर्ण संशोधन किया है। नए संशोधन के तहत अब दिव्यांग राहत भत्ता पाने के लिए न आयु और न ही आय सीमा की शर्त लागू होगी। इस संदर्भ में सामाजिक न्याय व अधिकारिता विभाग ने अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार यह लाभ उन्हीं दिव्यांगों को मिलेगा जो किसी भी सरकारी, अर्धसरकारी विभाग, बोर्ड, या निगमों में कार्यरत न हो और किसी अन्य प्रकार की पेंशन प्राप्त न कर रहे हो। नियमों में किए गए संशोधन के तहत 40 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता वाले व्यक्ति ही राहत भत्ता के लिए पात्र होंगे।

ईडी

हिमाचल और हरियाणा के फार्मा क्षेत्र में भ्रष्टाचार से जुड़े एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय–ईडी ने प्रदेश के सहायक ड्रग कंट्रोलर निशांत सरीन और उनकी सहयोगी कोमल खन्ना की 2 करोड़ 58 लाख रूपये की संपतियां अटैच की हैं। ईडी ने इस मामले में दर्ज 3 अलग–अलग एफआईआर पर कार्रवाई करते हुए शिमला और पंचकुला स्थित इन संपतियों को जब्त किया है।

मेडिकल कॉलेज हमीरपुर

मेडिकल कॉलेज हमीरपुर में डॉ. राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कालेज के नए परिसर का निर्माण कार्य युद्धस्तर पर जारी है। इस नए परिसर के बनने से क्षेत्र के लोगों को आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं से लैस कैंसर केयर संस्थान, डेंटल कॉलेज, मदर–चाइल्ड अस्पताल, आधुनिक नशा निवारण व उपचार केंद्र जैसी सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इस मेडिकल कॉलेज के निर्माण कार्य के लिए प्रदेश सरकार लगभग 470 करोड़ रुपये जारी कर चुकी है। नए परिसर में अकैडमिक ब्लॉक और अस्पताल भवन का निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। यह संस्थान आने वाले समय में उत्तर भारत के उत्कृष्ट चिकित्सा संस्थानों में शामिल होगा।

आइस स्केटिंग

राजधानी शिमला स्थित एशिया के सबसे बड़े प्राकृतिक आइस स्केटिंग रिंक में इस सीजन में बर्फ की पहली परत जम गई है। ऐसे में स्केटिंग प्रेमियों का इंतजार खत्म हो गया है। शिमला आइस स्केटिंग क्लब के महासचिव रजत मल्होत्रा ने बताया कि आज से रोजाना सुबह के समय में स्केटिंग के सत्र शुरू कर दिए गए हैं। 105 वर्ष पुराने इस आइस स्केटिंग रिंक में हर वर्ष स्केटिंग के शौकीनों के लिए विभिन्न सत्र और कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

मौसम

राजधानी शिमला सहित प्रदेश के अधिकांश भागों में आज हल्के बादलों के बीच धूप खिली है। पिछले कई दिनों से तापमान में लगातार आ रही गिरावट से लोगों को शुष्क ठंड का सामना करना पड़ रहा है। जनजातीय जिलों लाहौल–स्पीति और किन्नौर में तापमान माइनस में बना हुआ है, जिससे कई स्थानों पर प्राकृतिक जलस्त्रोत जम गए हैं। मौसम विज्ञान केन्द्र शिमला के अनुसार कल 5 दिसम्बर को प्रदेश में पश्चिमी विक्षोभ के सक्रिय होने से उंचाई वाले क्षेत्रों में हल्की वर्षा व बर्फबारी की संभावना बनी है।

इधर, साफ मौसम के चलते मनाली से रोहतांग सड़क पर आगामी 10 दिसंबर तक के लिए वाहनों की आवाजाही फिर शुरू कर दी गई है। कुल्लू के उपायुक्त तोरूल एस रवीश ने कल इस सड़क का निरीक्षण किया और प्रातः 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक यातायात बहाली के निर्देश दिए। इस सड़क के खुल जाने से देश–विदेश से आए पर्यटकों को रोहतांग दर्रे पर पड़ी बर्फ व प्राकृतिक सुंदरता के दीदार का अवसर एक बार फिर मिलेगा।

सुर्खियां समाचार पत्रों से ........

आज समाचार पत्रों ने विधानसभा के शीतकालीन सत्र से जुड़ी खबर को प्रमुखता दी है।

अमर उजाला ने मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के हवाले से लिखा है–परिवारों को नहीं होने देंगे बेघर, हक की लड़ाई सुप्रीम कोर्ट में लड़ेंगे। जबकि पंजाब केसरी के शब्द हैं–अवैध कब्जाधारी परिवारों के लिए सुप्रीम कोर्ट में लड़ाई लड़ेगी सरकार। दिव्य हिमाचल की सुर्खी है–हंगामे के बीच रेरा अध्यक्ष की नियुक्ति पर संशोधन बिल पास। दैनिक जागरण का शीर्षक है–आपदा के मुद्दे पर भिड़े सतापक्ष व विपक्ष। संजौली मस्जिद मामले पर दैनिक भास्कर का कहना है–हाईकोर्ट की संजौली मस्जिद की निचली दो मंजिलें ढहाने पर रोक। मौसम पर हिमाचल दस्तक की सुर्खी है–चोटियों पर कल बारिश–बर्फबारी की संभावना, और बढ़ेगी ठंड।

''अंत में मुख्य समाचार एक बार फिर''

- प्रदेश विधानसभा के शीतकालीन सत्र की आज सातवीं बैठक–प्रश्नकाल के अलावा नगर निकायों से संबधित दो विधेयकों पर होगी चर्चा।
- प्रदेश सरकार के 3 वर्ष के कार्यकाल पर भाजपा आज धर्मशाला में करेगी विरोध प्रदर्शन–जुटेंगे भाजपा के वरिष्ठ नेता व कार्यकर्ता

- प्रदेश सरकार ने दिव्यांगजनों के लिए सामाजिक सुरक्षा पेंशन भत्ता नियमों में किया संशोधन–आय व आयु सीमा की शर्त हटाई।
- हमीरपुर में डॉक्टर राधाकृष्णन राजकीय मेडिकल कॉलेज के नए परिसर का निर्माण कार्य युद्व स्तर पर जारी
- शिमला के ऐतिहासिक प्राकृतिक आईएस स्केटिंग रिंक में इस सीजन का पहला स्केटिंग सत्र आरंभ